नईदुनिया

# उज्जैन : शिवपुरी से नकली बीड़ी बेचने आए दो युवक गिरफ्तार

Publish Date: | Wed, 24 Mar 2021 01:37 AM (IST)

देवास गेट पुलिस ने सोमवार रात को शिवपुरी से नकली बीड़ी बेचने के लिए आए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से करीब 33 हजार रुपये कीमत की नकली बीड़ी बरामद की गई है।

उज्जैन (नईदुनिया प्रतिनिधि)। देवास गेट पुलिस ने सोमवार रात को शिवपुरी से नकली बीड़ी बेचने के लिए आए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से करीब 33 हजार रुपये कीमत की नकली बीड़ी बरामद की गई है। बीड़ी कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को शिकायत की थी कि उनके ब्रांड की नकली बीड़ी मार्केट में बेची जा रही है। दो युवक बीड़ी लेकर देवास गेट बस स्टैंड के समीप खड़े हैं। पुलिस ने दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के खिलाफ कापीराइट व ट्रेड मार्क एक्ट का मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि बीड़ी कंपनी के अधिकारी हरगोविंद पुत्र लक्ष्मण राठौर निवासी झांसी ने थाने में शिकायत की थी कि उनकी कंपनी के नाम से नकली बीड़ी मार्केट में बेची जा रही है। शिवपुरी के दो युवक बीड़ी लेकर उज्जैन आते हैं और यहां पान दुकान संचालकों को बेच कर चले जाते हैं। दोनों युवक देवास गेट पोस्ट आफिस के सामने बोरी लेकर खड़े हैं। इस पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से अखिलेश पुत्र अजय मोहन सक्सेना उम्र 38 वर्ष निवासी शिवपुरी व उसके साथी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक बोरे में रखे बीड़ी के 125 बंडल बरामद किए हैं। जिसकी कीमत करीब 33 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कापीराइट व ट्रेडमार्क एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

60 रुपये मिलते थे एक पैकेट पर

आरोपित अखिलेश ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह शिवपुरी से एक विजय राठौड़ नामक व्यक्ति से बीड़ी खरीद कर लाता था। विजय उन्हें 200 रुपये में पैकेट देता था। दोनों आरोपित उसे उज्जैन में पान दुकान संचालकों को 260 रुपये में बेचा करते थे। इस तरह एक पैकेट पर उन्हें 60 रुपये की कमाई होती थी। अखिलेश ने बताया कि वह लाकडाउन से पूर्व शराब दुकान पर काम करता था लेकिन लाकडाउन के बाद दुकान संचालक ने उसे काम पर वापस नहीं बुलाया इस वजह से वह नकली बीड़ी बेचने लगा।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/ujjain-rnjvwhe-mu-lfue-ceze-cualu-yty-tu-gwjfu-rdhth-mkvtr-6768080